# बिहार विधान परिषद

(197वां बजट सत्र)

Short Notice Questions For Written Answers

## 04 मार्च, 2021

----

**[जल संसाधन - वित्त विभाग - श्रम संसाधन - परिवहन - लघु जल संसाधन - अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण - पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण - वाणिज्य कर - पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन - मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन - योजना एवं विकास - समाज कल्याण गृह ].**

Total Short Notice Question- 11

----

### पुअर होम की नई कमिटी

*64 **श्री सुमन कुमार (मधुबनी स्थानीय प्राधिकार ):**

Will the **समाज कल्याण** be pleased to state:-

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(क) क्या यह सही है कि वर्ष 1941 में दरभंगा के महाराजाधिराज द्वारा अपनी करुणामूर्ति पत्नी महारानी कामेश्वरी प्रिया की याद में असहायों, निराश्रितों एवं दिव्यांगों के लिए सभी संशाधनयुक्त 5 एकड़ के भूभाग में राष्ट्रीय स्तर का महत्व रखने वाले 'कामेश्वरी प्रिया पुअर होम' का निर्माण कराया था;

(ख) क्या यह सही है कि बिहार राज्य मानवाधिकार आयोग एवं राष्ट्र की न्यायपालिका द्वारा संस्थापक महाराजाधिराज की मूल भावना को सर्वोपरि मान कर उनके द्वारा बनाई गई डीड के लक्ष्य एवं उद्देश्य को पूरा करने के स्थान पर कुप्रबंध के कारण सिर्फ अनियमितता ही अनुपालन में लायी जा रही है;

(ग) क्या यह सही है कि वाद संख्या - 20280/013, दिनांक – 18/11/2016 में पटना उच्च न्यायालय के आदेश के आलोक में प्रमंडलीय आयुक्त, दरभंगा की अनुशंसा पर तीन सदस्यीय कमिटी के निबंधन को भंग किया गया;

(घ) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार उक्त पुअर

होम की नई कमिटी का गठन कर कामेश्वरी प्रिया पुअर होम का रख रखाव करना चाहती है?

----

## योजना का लाभ कबतक

***65 डा. वीरेन्द्र नारायण यादव (स्नातक सारण):**

Will the **अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण** be pleased to state:-
क्या मंत्री, पिछड़ा वर्ग एवं अतिपिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि अनामिका कुमारी, रौल कोड- 16037, क्रमांक- 19030003, सूची संख्या– आर.- 160370077-17, संकाय- आट्र्स, रामदुलारी जगदीप +2 उच्च विद्यालय, बहुआरा, चांद कैमूर ने वर्ष 2019 में वार्षिक इंटरमीडिएट परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की है;

(ख) क्या यह सही है कि अनामिका कुमारी ने सरकार द्वारा घोषित मुख्यमंत्री प्रोत्साहन राशि योजना के अधीन मिलने वाली रु. 25,000 (पच्चीस हजार) के भुगतान हेतु ऑनलाइन आवेदन समर्पित की हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार अनामिका कुमारी को मुख्यमंत्री प्रोत्साहन राशि योजना का रु. 25,000 (पच्चीस हजार) का भुगतान कबतक सुनिश्चित करना चाहती है ?

----

## वाहनों की चोरी

***66 श्री रामचन्द्र पूर्वे (विधान सभा):**

Will the **गृह** be pleased to state:-
क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पिछले पाँच वर्षों तथा 2015 से लेकर 2020 तक सिर्फ पटना जिला में 18000 (अठारह हजार) बाइकों की चोरी हो गई है;

(ख) क्या यह सही है कि इन चोरी की गई बाइकों में एक बाइक की रिकवरी नहीं हो सकी है और न चुराने वाले गिरोह का पता चला है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो बड़े पैमाने पर बाइक की

चोरी को रोकने में पुलिस प्रशासन असफल क्यों हो रहा है, और क्या सरकार इस मामले में पुलिस प्रशासन की असफलता की जाँच करायेगी ?

----

## ट्रैफिक थाना खोलने पर विचार

*67 **श्री राधाचरण साह (स्थानीय प्राधिकार, भोजपुर एवं बक्सर):**

Will the **गृह** be pleased to state:-
क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि राज्य के सभी 38 जिलों में ट्रैफिक थाना खोलने का प्रस्ताव है, जिससे जाम से निजात दिलायी जा सके ;

(ख) क्या यह सही है कि राज्य के सभी 18 नगर निगम वाले शहरों में ट्रैफिक सिग्नल और सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे;

(ग) क्या यह सही है कि पटना के अलावा राज्य में कहीं भी ट्रैफिक सिग्नल नहीं है, सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे हैं और राजधानी में ट्रैफिक सिग्नल सीसीटीवी कैमरे लगभग वर्षों से खराब पड़े हैं;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राज्य के सभी जिलों में ट्रैफिक थाना खुलवाने के साथ 18 नगर निगम वाले शहर में ट्रैफिक सिग्नल और सीसीटीवी कैमरे कबतक लगवाना चाहती है ?

----

## विलंब करने वाले पदाधिकारियों पर कार्रवाई

*68 **श्री आदित्य नारायण पाण्डेय (गोपालगंज स्थानीय प्राधिकार ):**

Will the **लघु जल संसाधन** be pleased to state:-
क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि गोपालगंज जिला में जल-जीवन-हरियाली जैसी महत्वाकांक्षी योजना के तहत जिले के 120 तालाबों, जिनका रकबा 01 हेक्टेयर से ज्यादा है, का जीर्णोद्धार कार्य प्रारंभ किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि अधिकारियों की लापरवाही के कारण जीर्णोद्धार कार्य धरातल पर नहीं उतरा; वित्तीय वर्ष 2019-20 में जल-जीवन-हरियाली योजना के अंतर्गत जिले में लगभग 250 जलाशय का निर्माण करवाना था, इस योजना को दिसंबर 2020 में पूरा कर लेना था, लेकिन विभाग ने इस योजना में अब तक कार्य पूरा नहीं किया है;

(ग) क्या यह सही है कि लघु सिंचाई विभाग ने जल-जीवन-हरियाली योजना के

लिए 11 तालाबों की सफाई व जीर्णोद्धार के लिए 2 करोड़ 41 लाख 5 हजार 36 रुपए का आवंटन दिया, यह राशि इस वित्तीय वर्ष में खर्च करनी थी, राशि मिलने के बाद भी किसी भी तालाब के लिए अधिकारियों ने सफाई की दिशा में कारगर पहल नहीं की जिससे अब तक तालाब, आहर, पइन, पोखर का जीर्णोद्धार 15 से 20 प्रतिशत ही किया जा सका है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त महत्वाकांक्षी योजनाओं को पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित कर विलंब करने वाले पदाधिकारियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## कब्रिस्तान की घेराबंदी

***69 श्री गुलाम रसूल (विधान सभा):**

Will the **गृह** be pleased to state:-
क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि वैशाली जिले के देसरी थानान्तर्गत ग्राम- मुरौवतपुर में पश्चिमी कब्रिस्तान (खाता सं. 997, खेसरा सं. 1852 रकबा 3 एकड़, 65 डी.) स्थित है जिसके उत्तर पूरब के कुछ भाग की घेराबंदी सरकारी फंड से की गयी थी;

(ख) क्या यह सही है कि कुछ भागों की ही घेराबंदी रहने के कारण कब्रिस्तान तीन ओर से खुला हुआ है, जिसके कारण असामाजिक तत्व अतिक्रमण कर रहे हैं तथा कब्रिस्तान की पवित्रता भंग हो रही है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त कब्रिस्तान की प्राथमिक के आधार पर घेराबंदी कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## शामिल करने का प्रावधान

***70 श्री अर्जुन सहनी (विधान सभा):**

Will the **लघु जल संसाधन** be pleased to state:-
क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि ग्रामीण विकास विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक-3611, दिनांक 24.07.2007 के द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी स्कीम अंतर्गत तालाबों का जीर्णोद्धार मत्स्यजीवी सहकारी समिति के माध्यम से कराने का निर्णय लिया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना ने जल-जीवन-

हरियाली योजना अंतर्गत राज्य के सभी तालाबों को अतिक्रमण मुक्त करते हुए तालाबों के जीर्णोद्धार हेतु खुली निविदा का आमंत्रण किया था, जिसमें अन्य के साथ मत्स्यजीवी सहकारी समिति को टेंडर में भाग / शामिल करने का प्रावधान किया गया है, परंतु प्राथमिकता नहीं दी गई;

(ग) क्या यह सही है कि पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग (मत्स्य निदेशालय), बिहार पटना के द्वारा बिहार जलकर प्रबंधन अधिनियम, 2006 लागू किया गया है, इस प्रावधान के अंतर्गत राज्य के सभी तालाबों की बंदोबस्ती वार्षिक निर्धारित सुरक्षित जमा पर मत्स्यजीवी सहयोग समिति लि. के साथ बंदोबस्ती की जा रही है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या राज्य सरकार जल-जीवन-हरियाली योजना अंतर्गत राज्य के तालाबों का जीर्णोद्धार मत्स्यजीवी सहयोग समिति लि./ बिहार राज्य मत्स्यजीवी सहकारी संघ लि. के माध्यम से प्राथमिकता के आधार पर कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## शौचालय, यूरिनल का निर्माण

*71 **श्री केदार नाथ पाण्डेय (सारण शिक्षक ):**

Will the **पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन** be pleased to state:-
क्या मंत्री, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पटना शहर के लगभग 70 पार्कों की देखरेख की जिम्मेदारी वन-पर्यावरण विभाग को दी गई है, जिसमें बच्चों के भी पार्क सम्मिलित हैं;

(ख) क्या यह सही है कि संजय गांधी जैविक उद्यान, पटना को छोड़कर प्रायः सभी पार्कों में शौचालय-यूरिनल की सुविधा नहीं है, किसी पार्क में है भी तो वह अव्यवस्थित है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सार्वजनिक हित में क्या सरकार पटना शहर के सभी पार्कों में शौचालय-यूरिनल (पुरुष-महिला दोनों के लिए) का निर्माण कराना चाहती है और पूर्व से निर्मित शौचालयों को वयवस्थित कराने का विचार रखती है ?

----

## आहर, पईन की उडही

*72 **प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

Will the **लघु जल संसाधन** be pleased to state:-
क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि सरकार की जल जीवन हरियाली के अंतर्गत पानी की कमी

को देखते हुए राज्य के सभी पईन / आहर / तालाब / पोखर आदि की उड़ाही कराने का निर्णय है;

(ख) क्या यह सही है कि गया जिले की कंडी पंचायत अंतर्गत कृति ढाबा के सामने वाले समदा आहर एवं पईन जो करीब पांच किलोमीटर लम्बा है, कई वर्षों से उड़ाही नहीं होने के कारण उसका अस्तित्व समाप्त होकर खेत के रूप में तब्दील हो गया है;

(ग) क्या यह सही है कि समदा आहर, पईन से हजारों एकड़ भूमि की सिंचाई होती थी, किंतु उड़ाही नहीं होने के कारण दर्जनों गांवों के किसानों की फसल प्रतिवर्ष सूखे की भेंट चढ़ जाती है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार समदा आहर, पईन की उड़ाही कबतक कराना चाहती है ?

----

## छिलका का निर्माण

*73 **प्रो. नवल किशोर यादव (शिक्षक पटना):**

Will the **जल संसाधन** be pleased to state:-
क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि नालन्दा जिला के अंतर्गत करायपरशुराय एवं हिलसा प्रखंड के ग्राम पेंदापुर एवं मुसाढ़ी के बीच बहने वाली लोकाईन नदी पर अंग्रेजों के समय में निर्मित सिंचाई के लिए छिलका बना हुआ था जो ध्वस्त हो गया है;

(ख) क्या यह सही है कि संप्रति यह छिलका नहीं रहने के कारण किसानों की हजारों एकड़ जमीन की सिंचाई नहीं हो पा रही है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार लोकाईन नदी के उस स्थान पर सिंचाई के लिए छिलका का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## गाईड बांध का निर्माण

*74 **श्री भीसम साहनी (विधान सभा):**

Will the **जल संसाधन** be pleased to state:-
क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि प. चम्पारण जिलान्तर्गत प्रखंड बगहा- 1 की पंचायत रायवारी महुअवा से मशान नदी में गाईड बांध का निर्माण नहीं हुआ है;

(ख) क्या यह सही है कि ग्राम पंचायत बरिआवा, रायवारी, महुअवा, सिसवा, बसंतपुर, हरदी, नदवा, बसवरिया एवं इंगलिस सभा आदि पंचायतों से प्रत्येक वर्ष बाढ़ की पानी से जान-माल की क्षति होती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पश्चिमी चम्पारण जिला के गौनाहा प्रखंड अंतर्गत जनहित में रायवारी महुआवा से इनारबरवा पुल तक मशान नदी में गाईड बांध का निर्माण शीघ्र करवाना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

----